बीएचईएल ने ओवरसीज (विदेशी) टर्नकी आधारित ग्रिड कनेक्टिड सोलर पीवी पावर प्लांट के लिए पहला अनुबंध प्राप्त किया

नई दिल्ली, 22 मार्च: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने ग्रिड कनेक्टिड 8 MWac सोलर फोटोवोल्टिक (पीवी) पावर प्लांट का पहला टर्नकी आधारित अनुबंध प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक और महत्त्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है।

बीएचईएल द्वारा इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) के आधार पर टेमरिंड फॉल्स, हेनरीट्टा (फेस II), मॉरीशस में सोलर फार्म की स्थापना की जाएगी। बीएचईएल को यह आदेश सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, मॉरीशस सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी; सीईबी (ग्रीन एनर्जी) कं. लिमिटेड से मिला है। मॉरीशस और भारत सरकार के बीच इस परियोजना के अनुबंध समझौते का आदान-प्रदान भारत के माननीय विदेश मंत्री जी की मॉरीशस यात्रा के दौरान हुआ।

उल्लेखनीय है कि प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से बीएचईएल द्वारा प्राप्त यह परियोजना भारत सरकार की लाइन ऑफ क्रेडिट (LOC) द्वारा वित्तपोषित है। इस परियोजना का क्रियान्वयन बीएचईएल के सोलर बिजनेस डिविजन, बेंगलुरु तथा अंतरराष्ट्रीय परिचालन प्रभाग, नई दिल्ली द्वारा किया जाएगा। ध्यातव्य है कि मॉरीशस की यह सौर परियोजना अफ्रीका में बीएचईएल की उपस्थिति के प्रसार को दर्शाती है, जहां बीएचईएल पिछले चार दशकों से अधिक समय से 23 अफ्रीकी देशों में उपकरणों की आपूर्ति और विद्युत उत्पादन परियोजनाओं (लगभग 2,100 मेगावाट) की स्थापना में सक्रिय है।

बीएचईएल पारंपरिक विद्युत संयंत्रों (थर्मल, हाइड्रो और गैस) के अतिरिक्त, पिछले तीन दशकों से सौर ऊर्जा के विकास और संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। बीएचईएल ग्रिड-इंटरएक्टिव और ऑफ-ग्रिड दोनों, ग्राउंड माउंटेड, रूफटॉप, फ्लोटिंग और कैनाल टॉप सोलर प्लांट के लिए ईपीसी समाधान उपलब्ध कराता है। बीएचईएल का वर्तमान सोलर पोर्टफोलियो 1 गीगावाट से अधिक है। इसके अतिरिक्त, बीएचईएल अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए अंतरिक्ष-ग्रेड सौर पैनल और बैटरियों का भी निर्माणकर्ता है।